आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर कल से शुरू सेवा पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर में बीस हजार स्वास्थ्य शिविरों का किया शुभारम्भ। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन देने और मानदेय वृद्धि की घोषणा।
- भगवान विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री ने बारह नए ट्रेड्स को टूलकिट और ट्रेनिंग स्कीम से जोड़ने का किया ऐलान। कहा–कई राज्यों के वार्षिक बजट से अधिक कारीगरों को ऋण वितरित कर रही है प्रदेश सरकार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की महिला सुरक्षा और स्वावलंबन से जुड़े मिशन शक्ति की समीक्षा। शारदीय नवरात्र से होगा मिशन के पाचवें चरण का शुभारंभ।
- प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर हो रही बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत। मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का जताया अनुमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ से सेवा पखवाड़ा दो हजार पचीस का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है।

**पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इस नए भारत में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताओं के नए प्रतिमान स्थापित किए है, क्या अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, क्या विरासत के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य हर भारतवासी प्रधानमंत्री मोदी जी के इस यशस्वी नेतृत्व और मार्गदर्शन में गौरव की अनुभूति करता है।**

मुख्यमंत्री, कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शुभारम्भ कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जनपदों में बीस हज़ार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट काम के लिए स्मार्ट फोन देने और मानदेय वृद्धि की घोषणा की।

सेवा पखवाड़े के तहत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के बाल्मीकि चौक पर साफ सफाई की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री मोदी सबका साथ सबका विकास के मंत्र के साथ देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में उनके जन्मदिन पर उत्सव जैसा माहौल रहा। पेश है एक रिपोर्ट.....

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को उनके संसदीय क्षेत्र की जनता ने खास अंदाज में मनाया। काशी की जनता ने अपने सांसद के लिए जहां पर मां गंगा को 75 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई वही पर मां अन्नपूर्णा के दरबार में 108 बटुकों ने विशेष हवन पूजन के बाद 75 किलो के लड्डू का भोग लगाकर उसे काटा, इसके अलावा सैंड आर्टिस्ट रूपेश ने सैंड आर्ट के जरिए प्रधानमंत्री को बधाई दी, मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

**********

भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विश्वकर्मा एक्सपो–दो हजार पचीस' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि परंपरागत ग्यारह कारीगर ट्रेड्स के साथ अब बारह नए ट्रेड्स को टूलकिट और ट्रेनिंग स्कीम से जोड़ा गया है। इनमें मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस जैसे ट्रेड शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए क्षेत्रों में युवाओं को आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के बारह हजार कारीगरों को टूलकिट वितरण और कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के लिए बैंकों द्वारा एक लाख बत्तीस हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा–

**जितना लोन हम यहां वितरित कर रहे हैं। मैं दावे से कह सकता हूँ कि देश के कई राज्यो का वार्षिक बजट नही होगा। जितने का लोन वितरीत हो रहा है एक लाख बत्तीस हजार करोड़ रूपये का और बारह हजार कारीगरों को प्रशिक्षण के बाद टूल किट वितरण का एक कार्यक्रम।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक जिला एक उत्पाद – ओडीओपी योजना अब पूरे देश के लिए मॉडल बन गई है। इस योजना ने यूपी को एक लाख छियासी हजार करोड़ रुपये का निर्यात करने वाला राज्य बना दिया है। इससे लाखों युवाओं को रोजगार और प्रदेश को नई पहचान मिली है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विश्वकर्मा एक्सपो उन्नीस सितंबर तक चलेगा। इसके बाद ग्रेटर नोएडा में पचीस से उनतीस सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होगा, जिसमें दुनिया भर के खरीदार आएंगे। उन्होंने कारीगरों और उद्यमियों से अपील की कि वे इस मौके का लाभ उठाएं और अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच तक पहुंचाएं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी शारदीय नवरात्र से महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को समर्पित 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण के शुभारंभ की घोषणा की है। कल देर शाम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लखनऊ में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार बीस से प्रारम्भ मिशन शक्ति से प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय परिणाम मिले हैं। अब तक इसके चार चरण पूरे हो चुके हैं और आगामी बाइस सितम्बर से प्रारम्भ होकर यह पांचवा चरण तीस दिनों तक सतत रूप से संचालित होगा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मिशन शक्ति के पांचवें चरण में सभी सत्तावन हजार ग्राम पंचायतों और चौदह हजार नगरीय वार्डों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों को चरणबद्ध ढंग से भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र व अन्य पर्व–त्योहारों की अवधि में मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मेलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिस की विशेष तैनाती सुनिश्चित की जाए। एंटी रोमियो स्क्वाड को और अधिक सक्रिय करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि शोहदों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई हो जो नजीर बने अपराध करने का साहस न कर सकें।

**********

निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों की स्पष्टता और पठनीयता बढ़ाने के लिए मतपत्रों के डिजाइन और प्रिंटिंग के मौजूदा दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। दिशानिर्देशों के अनुसार ईवीएम मतपत्र पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें प्रिंट की जाएँगी और बेहतर दृश्यता के लिए उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन–चौथाई हिस्से पर होगा। सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट में प्रिंट किए जाएँगे ताकि सभी नाम आसानी से पढ़े जा सके।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दी है। जीएसटी सुधारों से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी साकारात्मक असर पड़ेगा। एक रिपोर्ट –

**नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत करने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम होगी। इसके अलावा लोगों को बिजली अधिक किफायती दर पर मिलेगी और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। इस कदम से रूफटॉप सोलर सिस्टम, सोलर पंप और अन्य उपकरणों की लागत कम होगी जिससे किसानों और उद्योगों को फायदा होगा और देश में हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए गोरखपुर निवासी नवीन त्रिपाठी ने बताया कि इस कदम से आम आदमी पर आर्थिक बोझ कम होगा और देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने जो नए जीएसटी सुधार किए हैं वह ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम है। इससे बिजली सस्ती होगी और आम लोगों का खर्च भी कम होगा। यह बदलाव देश की तरक्की के लिए बहुत जरूरी है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देगी और देश को नवीकरणीय प्रौद्योगिकियों में वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरने में मदद करेगी साथ ही हरित ऊर्जा को घरों के लिए और भी किफायती बनाएंगे। रोहन के साथ नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।**

**********

प्रदेश के पूर्वी और मध्य इलाके के कई जिलों में दो दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं पश्चिमी जनपदों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**********